# इरेडा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया




नई दिल्ली, 5 जून, 2021

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपने सभी कर्मचारियों के लिए 'बायो एनेर्जी आपूर्ति श्रृंखला के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म' पर एक वेबिनार का आयोजन किया। इस सत्र का संचालन श्री सुहास बक्सी, सह-संस्थापक, बायोफ्यूलसर्कल डॉट कॉम (बायोमास और जैव ईंधन के लिए एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस, जो बायोएनर्जी के लिए एक विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति चेन बनाने में लगा हुआ है), द्वारा किया गया।

श्री सुहास बक्सी ने जैव ऊर्जा क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने आगे सभी इरेडा अधिकारियों को बायोएनेर्जी आपूर्ति चेन के लिए विकसित क्लाउड आधारित डिजिटल पारिस्थितिकी प्रणाली से परिचित कराया जो ग्रामीण और औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ता है। यह प्लेटफॉर्म वेब / मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके बायोमास और जैव ईंधन के लिए खोज-बीन,खरीद ,बिक्री और लेन-देन को निपटाने की अनुमति देता है। इस वेबिनार में एमएनआरई, एसईसीआई, पीआरईएसपीएल और बायोफ्यूलसर्कल के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हुए।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष आहूजा (सेवानिवृत्त), प्रबंध निदेशक, पीआरईएसपीएल ने कहा कि पीआरईएसपीएल पिछले 5-6 वर्षों से इरेडा के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पीआरईएसपीएल जैव क्षेत्र के हितधारकों के लिए एक पारदर्शी प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एमएनआरई और जीआईजेड ने बायोफ्यूल प्लेटफॉर्म पर एक अध्ययन का निष्कर्ष निकाला है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और पुष्टि की कि इरेडा अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्तपोषण के माध्यम से देश में सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके

Internal

अलावा, उन्होंने रेखांकित किया कि भारत का जैव-ऊर्जा क्षेत्र असंगठित क्षेत्र से संगठित क्षेत्र की तरफ अग्रसर है और इरेडा इस क्षेत्र की वित्तपोषण करने की आवश्यकता को पूरा करने का प्रयास करेगा। श्री दास ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इरेडा ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र के लिए व्यवसाय माहौल में सुधार लाने के लिए पिछले एक साल के दौरान कई नवीन वित्तपोषण योजनाएं और उत्पाद पेश किए हैं और यह कंपनी आरई क्षेत्र के विकास के लिए अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह ने जैव ईंधन और बायोमास के लिए भारत का पहला ऑनलाइन मार्केटप्लेस बनाने के लिए बायोफ्यूलसर्कल की सराहना की और उल्लेख किया कि इस तरह की पहल समय की जरूरत है।